छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

शंकर नगर मार्ग, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष 0771–2439564, फैक्स–0771–2331525, 2446556 वेबसाईट : www.psc.cg.gov.in

क्रमांक 289/11/2021/चयन रायपुर, दिनांक 27/07/2021

// आवश्यक सूचना //

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन क्रमांक 02/2020/परीक्षा/दिनांक 31/01/2020, द्वारा विधि एवं विधायी कार्य विभाग के अंतर्गत व्यवहार न्यायाधीश के कुल 32 पद विज्ञापित किए गए थे। उक्त पद हेतु साक्षात्कार दिनांक 10.08.2021 से 14.08.2021 तक आयोजित किया जाना निर्धारित है। साक्षात्कार हेतु चिन्हांकित अभ्यर्थियों में से दिनांक 13.08.2021 एवं 14.08.2021 को म.प्र. में आयोजित किये जाने वाले व्यवहार न्यायाधीश मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले कतिपय अभ्यर्थियों से छ.ग. लोक सेवा आयोग में साक्षात्कार तिथि परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हो रहें है।

आयोग द्वारा अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों पर विचारोपरांत निर्णय लिया गया है कि उक्त मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी दिनांक 30.07.2021 तक आयोग कार्यालय में कार्यालयीन समय पर साक्षात्कार तिथि परिवर्तन हेतु आवेदन कर अनुरोध कर सकते है। अभ्यर्थी आवेदन के साथ उक्त मुख्य परीक्षा हेतु जारी प्रवेश पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा, आवेदन के साथ प्रवेश पत्र की छायाप्रति संलग्न नहीं करने तथा उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

27/7/2021

सचिव

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,

रायपुर